2018

LAW PAPER – II

{ Procedure & Evidence }

Time Allowed : Three Hours	Maximum Marks : 200

SPECIFIC INSTRUCTIONS

- Attempt five questions in all. Question No. 1 is compulsory.
- At least one question must be attempted from each Section.
- Marks carried by each question have been indicated against the question.

Note : Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गये किसी पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

1. *(a)* दिनांक 2 जून, 2017 को स्कूल शिक्षक राम सिंह यूपीएसआरटीसी की मोटर बस संख्या 1540 से लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे। बस के चालक मो. हकीम, और बस के साथ नियुक्त निगम के मैकेनिक सुंदरलाल (जो दुर्घटना के समय बस चला रहा था) की उपेक्षा, कदाचरण और गलत कृत्य के कारण गंभीर चोटें लगीं। अन्य घायलों के साथ उन्हें गोरखपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे अपना एक हाथ स्थायी रूप से गंवाना पड़ा। उसका इलाज अलग-अलग अस्पतालों में 12.8.2018 तक चला और इस दौरान वह अपने शिक्षण कार्य, घरेलू कार्य और खेती का कार्य नहीं कर सके। अब, राम सिंह यूपीएसआरटीसी, बस के चालक और मैकेनिक के खिलाफ रुपये 25,00,000 के प्रतिकर का वाद लाना चाहता है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वादी राम सिंह के लिए एक वादपत्र तैयार कीजिये।

On 2nd June, 2017, Ram Singh, a school teacher, was travelling from Lucknow to Gorakhpur by a motor bus No. 1540 of UPSRTC. He sustained serious injuries due to the negligence, misconduct and wrongful act of the driver of the bus, Mohd. Hakim, and the mechanic, attached with the bus by the corporation, Sunderlal (who was driving the bus at the time of accident). He with other casualties was admitted to Government Hospital of Gorakhpur. He lost one of his hands permanently. His medical treatment continued in different hospitals till 12.8.2018 and during this period, he could not perform his teaching work, household duties and cultivation. Now, Ram Singh wants to file a suit against the UPSRTC, the driver of the bus and the mechanic for a compensation of Rs. 25,00,000. Write a plaint for the plaintiff, Ram Singh, on the basis of the facts mentioned above. 20

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(b) उपरोक्त प्रश्न संख्या 1(ए) के वादपत्र के उत्तर में प्रतिवादी नंबर 1, यूपीएसआरटीसी के लिए लिखित कथन का प्रारूप निम्नलिखित के आलोक में तैयार कीजिये: "प्रतिवादी नंबर 1 की मुख्य दलील यह है कि प्रतिवादी नंबर 3, सुंदरलाल, केवल बस का मैकेनिक है और वह प्रतिवादी नंबर 1 द्वारा बस चलाने के लिए अधिकृत नहीं था। बस में अचानक कुछ यांत्रिकी खराबी आ गयी थी जिसे सिर्फ ठीक करने के लिए प्रतिवादी नंबर 3 अधिकृत था लेकिन खराबी ठीक करने के बाद उक्त मैकेनिक ने बस की जांच करने के लिए स्टीयरिंग व्हील बिना किसी प्राधिकार के अपने हाथों में ले लिया और बस की दुर्घटना तब हुई जब वह बस को चला रहा था। इसलिए, निगम का कोई प्रतिनिधिक दायित्व नहीं है।"

Prepare a written statement for the defendant No. 1, the UPSRTC, answering the plaint made above under Question No. 1(a) in the light of the following: "The main plea of the defendant No. 1 is that the defendant No. 3, Sunderlal, is merely a mechanic of the bus and he was not authorised to drive the bus by the defendant No. 1. There occurred some mechanical defects in the bus suddenly and the defendant No. 3 was authorised only to cure the defects but after curing the defect, he took the steering wheel in his hands in order to check the bus without any authorisation and the bus met with the accident when he was driving the bus. Therefore, the Corporation is not liable vicariously." 20

OR / अथवा

(a) दिनांक 15.06.2018 को चौदह वर्षीय पीड़िता लखनऊ स्थित अपने घर में अकेली थी और अपनी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। घर में दीनू और कल्लू नाम के दो आरोपी काम कर रहे थे। पीड़िता के अकेले होने का लाभ उठाते हुए दोनों अभियुक्तों ने पीड़िता का बलात्कार किया, उसके अन्तः वस्त्रों का इस्तेमाल करके उसका गला घोंट दिया और धारदार हथियार से उसके शरीर पर चोटें पहुंचायी। उन्होंने पीड़िता के मृत शरीर को घर के पीछे बने सेप्टिक टैंक में फेंक दिया जो मनुष्य के मृत शरीर के प्रति असम्मान को दर्शाता है। अभियोजन पक्ष ने उनके लिए मौत की सजा की मांग इस आधार पर की है कि मामला दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में आता है। वहीं, अभियुक्तगण इसके विपरीत तर्क देते हैं। इस मामले में अभियुक्तगण के खिलाफ आरोप का प्रारूप तैयार कीजिये।

On 15.06.2018, the victim, a fourteen-year-old girl, was alone in her house situated at Lucknow and was preparing for her examination. The two accused named Dinu and Kallu were working in the house. They took advantage of the fact of her being alone. They raped her, strangulated her by using her undergarments and caused injuries on her person with a sharp weapon. They threw her body into a septic tank at the back side of the house, which showed a disregard of respect for human dead body. The prosecution has demanded for death penalty for them on the ground that the matter comes within the category of the rarest of the rare cases. On the other hand, the accused have argued against it. Prepare a draft of charge against the accused into the matter. 20

(b) भाग (a) के तथ्यों के आधार पर मामले का निर्धारण करते हुए अपना निर्णय दीजिए। युक्तियुक्त सजा भी सुनाइए।

On the basis of the facts in part (a), decide the matter and give your judgment. Also award the reasonable punishment. 20

GET IT ON Google Play Download on the App Store

खंड – अ
SECTION – A

2. *(a)* सिविल प्रक्रिया संहिता में कमीशन जारी करने के प्रावधानों की विवेचना कीजिए। उपयुक्त उदाहरण भी दीजिए।

Discuss the provisions of the Civil Procedure Code relating to the issue of Commission. Also give suitable illustrations. 20

(b) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 80 में निहित 'सूचना' के नियम की व्याख्या कीजिए। क्या ऐसी सूचना के अधिकार का अधित्यजन किया जा सकता है?

Explain the rule of 'notice' prescribed in Section 80 of the Civil Procedure Code, 1908. Whether a right to notice could be waived? 10

(c) किन आधारों पर न्यायालय द्वारा वादपत्र नामंजूर किया जा सकता है? विवेचना कीजिए।

On what grounds can a plaint be rejected by Court? Discuss. 10

3. *(a)* उन प्रावधानों का उल्लेख कीजिए जिनसे शरीर को कारित दोष (अपकार) हेतु प्रतिकर के लिए वादों के सम्बन्ध में वाद दायर करने का स्थान निर्धारित होता है। निम्नलिखित के संबंध में वाद दायर करने का स्थान निर्धारित कीजिए: ए, बी और सी संयुक्त रूप से प्रयागराज में डी से कुछ ऋण मांग पर देय वचनपत्र पर लेते हैं। डी वाराणसी में रहता है। ए, बी और सी क्रमशः बरेली, गाजियाबाद और नोएडा में रहते हैं। ए, बी और सी मांग पर देय ऋण चुकाने में विफल रहते हैं।

State the provisions which govern the determination of the place of suing in relation to the suits for compensation for wrong to person. In relation to the following, determine the place of suing: A, B and C jointly take a loan from D at Prayagraj on a promissory note payable on demand. D resides in Varanasi. A, B and C reside in Bareilly, Ghaziabad and Noida respectively. A, B and C fail to repay the loan on demand. 20

(b) 'विदेशी निर्णय' से आप क्या समझते हैं? इसे कब निर्णायक माना जाता है? विवेचना कीजिए।

What do you understand by 'foreign judgment'? When is it deemed to be conclusive? Discuss. 10

(c) पक्षकारों के कुसंयोजन तथा असंयोजन से आप क्या समझते हैं? ए, 15.10.2018 को 100 क्विंटल चीनी की पूर्ति के लिए बी के साथ करार करता है। ए उसी दिन उतनी ही मात्रा में चीनी सी तथा डी को अलग अलग पूर्ति करने हेतु करार करता है। ए तीनों को चीनी की पूर्ति करने में विफल रहता है। क्या बी, सी और डी, एक ही वाद में ए के विरुद्ध वादी के रूप में संयोजित हो सकते हैं?

What do you understand by the mis-joinder and non-joinder of the parties? A enters into a contract with B to supply 100 quintals of sugar on 15.10.2018. The same day he agrees to supply to C and D separately the same quantity of sugar. A fails to supply sugar to all the three. Can all these i.e., B, C and D, join together in one suit as plaintiffs against A? 10

4. *(a)* 'प्रतिनिधि वाद' क्या है? ऐसा वाद किसके द्वारा और किन परिस्थितियों में लाया जा सकता है? क्या प्रतिनिधि वाद संस्थित करने से पूर्व जिनका प्रतिनिधित्व किया जाना है उनकी सहमति आवश्यक है? निर्णीत वादों के आलोक में विवेचना कीजिए।

What is 'representative suit'? By whom and under what circumstances can such suit be brought? Is there any need to take consent of the persons who are to be represented? Discuss in the light of decided cases. 20

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(b)(i) ए, जो एक संघ का खजांची था, संघ की निधियों का दुर्विनियोग करता है। संघ के एक संकल्प द्वारा, बी, एक सदस्य, को दुर्विनियोग की गई राशि की वसूली के लिए अधिकृत किया गया था। क्या बी सफलतापूर्वक ए पर मुकदमा कर सकता है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

A, who was a treasurer of an association, misappropriates the funds of the association. By a resolution of the association, B, a member, was authorised to recover the amount misappropriated. Can B successfully sue A? Give reasons for your answer. 10

(b)(ii) ए, बी और सी को एक समुदाय द्वारा के के खिलाफ एक मुकदमे में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था। लेकिन एक्स, वाई और ज़ेड, उसी समुदाय के अन्य सदस्यों ने प्रतिवादी के का समर्थन किया। क्या इससे प्रतिनिधि वाद के स्वरूप पर असर पड़ता है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

A, B and C were chosen by a community to represent them in a suit against K. But X, Y and Z, other members of the same community, supported the defendant K. Does it effect the representative character of the suit? Give reasons for your answer. 10

खंड – ब
SECTION – B

5. *(a)* उन सीमाओं की विवेचना कीजिए जिनके भीतर 'रेस गेस्टे' का नियम कार्य करता है। भारतीय विधि के तहत इस नियम की विसंगतियों को कहाँ तक दूर किया गया है? व्याख्या कीजिए।

Discuss the limits within which the rule of 'res gestae' operates. How far the ambiguities involved in this rule have been removed under the Indian Law? Explain. 20

(b) क्या असली का एक फोटोग्राफ द्वितीयक साक्ष्य है, भले ही दोनों का मिलान नहीं किया गया है, यदि है, तो कब? विधि के प्रावधानों की विवेचना कीजिए।

Whether a photograph of an original is secondary evidence even though the two have not been compared, if so when? Discuss the provisions of Law. 10

(c) उपधारणा के अर्थ और उपयोगिता की विवेचना कीजिए। विधि की खंडनीय उपधारणा और अखंडनीय उपधारणा के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

Discuss the meaning and utility of presumptions. Draw distinction between Rebuttable Presumption of Law and Irrebuttable Presumption of Law. 10

6. *(a)* निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर परिपूर्ण लेकिन संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

Write exhaustive but brief notes on any two of the following: 10*2 = 2

(i) पक्षद्रोही साक्षी।

Hostile witness.

(ii) सूचक प्रश्न।

Leading questions.

(iii) सह-अपराधी।

Accomplice.

(iv) रीति की सुसंगतता।

Relevancy of custom.

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(b) संबंधित निर्णीत वादों का उल्लेख करते हुए कारण सहित उत्तर दें:

Answer with reasons while mentioning the related decided cases:

(i) ए, बी और सी पर डी की हत्या और हत्या के षड़यंत्र के लिए वाद चलाया जाता है। षड़यंत्र के मुख्य साक्ष्य के रूप में, अभियुक्तों के मध्य षड़यंत्र के दौरान लिखे गए कुछ पत्र प्रस्तुत किए जाते हैं। साथ ही गिरफ्तारी के बाद बी द्वारा परीक्षण मजिस्ट्रेट को दिया गया षड़यंत्र का बयान भी साक्ष्य में रखा गया। क्या सुसंगत है – पत्र या बयान या दोनों?

A, B and C are prosecuted for the murder and conspiracy to murder of D. As the principal evidence of the conspiracy, certain letters written by the accused to each other during the conspiracy are submitted. A statement made to the Examining Magistrate by B, giving an account of the conspiracy, after arrest, is also put in evidence. What is relevant – the letters or the statement or the both? 10

(ii) ए पर रेलगाड़ी में बिना टिकट यात्रा करने का आरोप है। यह साबित करने का भार कि उसके पास टिकट था, किस पर होगा?

A is charged with travelling on a railway without a ticket. On whom the burden of proof that he had a ticket shall lie? 10

7. *(a)* भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के प्रावधानों और उचित उदाहरणों की सहायता से निर्णय की सुसंगतता पर विवेचना कीजिए।

Discuss the relevancy of judgment with the help of the provisions of the Indian Evidence Act, 1872 and reasonable illustrations. 20

(b) कब विशेषज्ञ के साक्ष्य ग्राह्य हैं? विशेषज्ञ और साधारण साक्षी के बीच क्या अंतर हैं? विवेचना कीजिए।

When the evidence of an expert is to be admitted? What are the differences between an Expert and an Ordinary Witness? Discuss. 10

(c) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में प्रयुक्त 'न्यायालय' शब्द से आप क्या समझते हैं? निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए।

What do you understand by the word 'Court' used in the Indian Evidence Act, 1872? Discuss with the help of decided cases. 10

खंड – स
SECTION – C

8. *(a)* निम्नलिखित में विचारण का स्थान क्या होगा? निर्णीत कीजिए:

What will be the venue of trial in the following? Decide: 5*4 = 20

(i) जहां कोलकाता और प्रयागराज के बीच यात्रा के दौरान ट्रेन में अपराध किया गया है।

Where the offence has been committed in train during journey between Kolkata and Prayagraj.

(ii) जहां मेरठ और आगरा में स्थित दो व्यक्तियों के बीच पत्रों के माध्यम से छल प्रकृति का अपराध किया गया है।

Where the offence has been committed in the nature of cheating through letters between two persons situated in Meerut and Agra.

(iii) जहां एक लड़के को प्रयागराज से व्यपहरण कर पहले मुंबई और फिर गुवाहाटी ले जाया जाता है।

GET IT ON Google Play Download on the App Store

Where a boy is kidnapped from Prayagraj and first taken to Mumbai and then to Guwahati.

(iv) ए प्रयागराज में बी को मुंबई में सी की हत्या करने के लिए दुष्प्रेरित करता है। बी ने मुंबई में सी की हत्या की।

A abets B at Prayagraj to commit murder of C at Mumbai. B committed murder of C at Mumbai.

(b) सत्र विचारण में साक्ष्य दर्ज करने के तरीकों पर विवेचना कीजिए। समन विचारण वारंट विचारण से कैसे अलग है? समझाइए।

Discuss the modes of recording evidence in a Sessions Trial. How does Summon Trial differ from Warrant Trial? Explain. 10

(c) एक पुलिस अधिकारी को कोई निश्चित ज्ञान या निश्चित सूचना नहीं है कि ए के पास गृह भेदन का कोई उपकरण है। पुलिस अधिकारी ए को गिरफ्तार करता है। क्या ए की गिरफ्तारी अवैध है, यद्यपि गिरफ्तारी के बाद ए की तलाशी में गृह भेदन का उपकरण वास्तव में उसके पास पाया गया? कारण सहित उत्तर दीजिए।

A police officer has no definite knowledge or definite information that A is in possession of an instrument of house-breaking. The police officer arrests A. Is A's arrest illegal even though an instrument of house-breaking may actually be found on searching after the arrest? Answer with reasons. 10

9. *(a)* दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 145 के तहत अचल संपत्ति से संबंधित विवादों के संबंध में कार्रवाई करने के लिए मजिस्ट्रेट को किन परिस्थितियों में अधिकार दिया गया है? समझाइए।

Under what circumstances is a Magistrate empowered to take action in connection with disputes concerning immovable property under Section 145 of the Code of Criminal Procedure, 1973? Explain. 20

(b) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत जिलाधिकारी की शक्तियों की विवेचना कीजिए।

Discuss the powers of the District Magistrate under Section 144 of the Code of Criminal Procedure, 1973. 10

(c) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत पूछताछ और परीक्षण में आपराधिक न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र क्या है?

What is the jurisdiction of the Criminal Courts in enquiries and trials under the Code of Criminal Procedure, 1973? 10

10. *(a)(i)* क्या मजिस्ट्रेट किसी अभियुक्त से हस्ताक्षर या लिखावट का नमूना देने के लिए कह सकता है? अपवाद के साथ, यदि कोई हो, विवेचना कीजिए।

Whether a Magistrate can ask any accused to give specimen signature or handwriting? Discuss with exception, if any. 10

(a)(ii) क्या दोषमुक्ति के विरुद्ध किसी अपील में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा सकता है और अपील के निस्तारण तक जेल में रखा जा सकता है? विवेचना कीजिए।

Whether an accused in appeal from acquittal can be arrested and committed to prison pending the disposal of the appeal? Discuss. 10

(b) न्यायालय द्वारा की गई कौन-सी अनियमितताएँ विचारण को दूषित नहीं करती हैं? यह भी विवेचना करें कि यह कब दूषित करती हैं।

What irregularities committed by a Court do not vitiate trial? Also discuss when it vitiates. 10

GET IT ON Google Play Download on the App Store

(c) एक अभियुक्त को जमानती अपराध में गिरफ्तार किया जाता है और वह जमानत पर छूट जाता है। सुनवाई के दौरान वह फरार हो गया और उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया जाता है। पुलिस उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करती है। बचाव पक्ष के वकील ने धारा 436(1), Cr.P.C. के तहत जमानत पर उसकी रिहाई की दलील दी जो प्रदान करता है कि एक जमानती अपराध के अभियुक्त व्यक्ति को जमानत पर रिहा किया जाएगा। क्या ऐसी परिस्थितियों में न्यायालय उसे जमानत पर रिहा करने से इंकार कर सकता है? संक्षेप में कारण दीजिए।

An accused is arrested in a bailable offence and he is released on bail. During trial, he absconds and non-bailable warrants are issued against him. The police arrests him and produces him before the Court. The defence counsel pleads for his release on bail under Section 436(1), Cr.P.C. which provides that a person accused of a bailable offence shall be released on bail. Can the Court, in such circumstances, refuse to release him on bail? Give reasons briefly. 10

GET IT ON Google Play Download on the App Store

DOON LAW MENTOR

UP JUDICIARY | 2018 MAINS PROCEDURE & EVIDENCE PAPER II

Continue Your Preparation

Use this Mains Procedure & Evidence (Paper II) paper as a focused PYQ practice resource, then continue with structured syllabus coverage, test series practice and exam preparation.

All UP Civil Judge Courses

Browse every Doon Law Mentor course for UP Civil Judge preparation in one folder.

VIEW ALL UPPCSJ COURSES AND PRODUCTS

UP Judiciary Exam Hub

Eligibility, syllabus, pattern, PYQs and latest UP Judiciary preparation resources in one place.

OPEN EXAM HUB

UP Civil Judge Test Series

Bilingual mock tests for UP Civil Judge 2026, with the first mock test free.

VIEW TEST SERIES

All Law Exam Courses

Explore Doon Law Mentor courses for APO, Judiciary and allied legal examinations.

EXPLORE COURSES

Doon Law Mentor Academy

Access classes, notes, tests, recorded lectures and your learning dashboard.

OPEN ACADEMY

LEARN ON THE DOON LAW MENTOR APP

Classes, Notes, Tests & Exam Updates - on Android and iOS

Tap a badge below to open the official app listing.

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

WATCH DLM ON YOUTUBE

USEFUL LINKS

Main Website | UP Judiciary Hub | Judiciary Courses | Academy | YouTube

Doon Law Mentor

National Online Judiciary & APO Preparation

doonlawmentor.com

academy.doonlawmentor.com

GET IT ON Google Play

Download on the App Store